CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 281 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 15 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## पंचायत-निकाय चुनाव टालने पर पायलट ने कहा ‘हार के डर से टाले जा रहे चुनाव ‘

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।



पूर्व उप मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने महिला आरक्षण विधेयक, कानून व्यवस्था और पंचायत-निकाय चुनाव टालने जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरते हुए कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने महिला आरक्षण बिल पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग करते हुए इसे पारदर्शिता और सहमति के साथ लाने पर जोर दिया।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान पायलट ने आरोप लगाया कि सरकार चुनावों से बचने की कोशिश कर रही है। उनका कहना था कि सरपंच, पार्षद और मेयर जैसे अहम पदों के चुनाव टालना लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि सरकार को न जनता की चिंता है और न ही न्यायालय की, बल्कि हार के डर से निर्णय लिए जा रहे हैं।महिला आरक्षण के मुद्दे पर पायलट ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से महिलाओं को अधिकार देने के पक्ष में रही है। सोनिया गांधी के नेतृत्व में और मनमोहन सिंह सरकार के दौरान इस दिशा में गंभीर प्रयास किए गए थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इस बिल को लाने से पहले सभी दलों से चर्चा जरूरी है, ताकि किसी भी तरह की प्रक्रिया संबंधी अस्पष्टता न रहे। उन्होंने सुझाव दिया कि आगामी जनगणना के आंकड़ों का इंतजार कर परिसीमन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाना चाहिए, जिससे महिलाओं को व्यापक और न्यायसंगत प्रतिनिधित्व मिल सके।

पायलट ने यह भी कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को स्वतंत्र रूप से काम करने दिया जाना चाहिए और राजनीतिक हस्तक्षेप खत्म होना चाहिए, तभी आमजन को न्याय मिल सकेगा।

संविधान के संदर्भ में उन्होंने भी. आर . अम्बेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा कि आज देश को उनके विचारों की सबसे ज्यादा जरूरत है। उन्होंने कहा कि संविधान केवल सम्मान देने का विषय नहीं, बल्कि उसे व्यवहार में लागू करना भी उतना ही जरूरी है।

वहीं, आगामी चुनावों को लेकर पायलट ने कहा कि देशभर में बदलाव की लहर दिखाई दे रही है। उन्होंने केरल में रिकॉर्ड मतदान और असम में कड़ी प्रतिस्पर्धा का जिक्र करते हुए विश्वास जताया कि कांग्रेस बेहतर परिणाम हासिल करेगी।

## चुनाव टालने के आरोपों पर खर्रा का वार ‘कांग्रेस ने वर्षों तक नहीं कराए चुनाव ‘

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।



प्रदेश में पंचायत और निकाय चुनावों में हो रही देरी को लेकर जारी राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बीच सरकार ने कांग्रेस पर तीखा पलटवार किया है। झबर सिंह खर्रा ने कहा कि चुनावों में देरी को लेकर सवाल उठाने से पहले कांग्रेस को अपने पुराने कार्यकाल का आकलन करना चाहिए, जब वर्षों तक चुनाव नहीं कराए गए थे।

मंत्री खर्रा ने कहा कि कांग्रेस शासन में ऐसे भी हालात रहे हैं जब पंचायतीराज चुनाव 13-13 साल तक नहीं हुए, वहीं निकाय चुनाव भी लंबे समय तक लंबित रहे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ‘कांग्रेस को पहले अपने गिरेबां में झांकना चाहिए, क्योंकि इतिहास सबके सामने है। ‘

उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान सरकार चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, लेकिन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही चुनाव कराए जाएंगे। उनके अनुसार राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग और राज्य चुनाव आयोग की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

मंत्री ने बताया कि हाईकोर्ट से चुनाव कराने के लिए 6 माह का समय मांगा गया है, क्योंकि ओबीसी आयोग की रिपोर्ट अभी लंबित है और साथ ही एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) की प्रक्रिया भी जारी है। ऐसे में नई और सटीक मतदाता सूची तैयार करना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि अदालत के निर्देशों के चलते फिलहाल पुरानी मतदाता सूची के आधार पर प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन एसआईआर के आंकड़े आने के बाद सूची को नए सिरे से तैयार करना होगा, जिससे पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव संभव हो सकें।

खर्रा ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2022 में महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के मामलों में स्पष्ट किया था कि ओबीसी आंकड़ों के आधार पर चुनाव कराए जा सकते हैं, लेकिन कांग्रेस सरकार ने उस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सरकार ने इस विषय को लंबे समय तक टालकर रखा।

मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ‘वन स्टेट, वन इलेक्शन’ की अवधारणा पर काम कर रही है और इसी दिशा में ओबीसी आयोग का गठन किया गया है। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि ‘सपने देखना सभी का अधिकार है, लेकिन हकीकत में काम करना भी जरूरी है।

## सरकारी स्कूल में चोरी का खुलासा, 4 आरोपी गिरफ्तार, पूरा सामान बरामद

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जिले में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के तहत बिजौलिया थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तिलस्वां में हुई चोरी का खुलासा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें दो आरोपी चोरी की वारदात में शामिल थे, जबकि दो अन्य चोरी का माल खरीदने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सम्पूर्ण सामान भी बरामद कर लिया है।

पुलिस ने मामले में थानाधिकारी स्वागत पाण्ड्या के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा प्रभावी गश्त, निगरानी और तकनीकी व आसूचना के आधार पर मामले का खुलासा किया।

पुलिस ने बताया कि घटना में 8 अप्रैल को विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने थाना बिजौलिया में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि अज्ञात चोरों द्वारा स्कूल से दो कंप्यूटर, एक लैपटॉप, दो पंखे, 20 स्कूल बैग, छह हेडफोन और एक हार्ड डिस्क चोरी कर ली गई है। प्रकरण दर्ज होते ही पुलिस ने टीम गठित कर जांच शुरू की और संदिग्धों की तलाश में जुट गई।

जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और सूचना के आधार पर रिजवान उर्फ इरफान और शैतान सिंह उर्फ सोनू सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिन्होंने स्कूल में चोरी करना स्वीकार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि चोरी किया गया सामान उन्होंने ओमप्रकाश और जनता बाई को बेच दिया था। इसके बाद पुलिस ने दोनों खरीदारों को भी गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का पूरा माल बरामद कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में रिजवान (24) निवासी पिपली पुरा, नीमच (मध्यप्रदेश), शैतान सिंह (30) निवासी छोटी परलई, चित्तौड़गढ़, ओमप्रकाश (33) निवासी सलावटिया, बिजौलिया तथा जनता बाई (48) निवासी कास्या, बिजौलिया शामिल हैं।

## पोक्सो प्रकरण में बड़ी कार्रवाई: 6 माह से फरार 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

पोक्सो अधिनियम के तहत दर्ज एक गंभीर मामले में थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 6 माह से फरार चल रहे ?5 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के मामले में वांछित था।

यह कार्रवाई थानाधिकारी स्वागत पाण्डया के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई।पुलिस ने बताया की थाने में दर्ज प्रकरण में आरोपी धर्मराज उर्फ धर्मेन्द्र पिछले 6 महीनों से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी।

इसी क्रम में पुलिस कांस्टेबल राजवीर ने अहम भूमिका निभाते हुए सोजत सिटी जिला पाली में करीब 25 दिनों तक फाइनेंस कर्मी बनकर गुप्त रूप से सूचना एकत्रित की। पुख्ता जानकारी मिलने पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को सोजत सिटी से गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी धर्मराज पुत्र शेषाराम बावरी निवासी लौहार कॉलोनी, मोड भट्टा, सोजत सिटी थाना सोजत सिटी जिला पाली का रहने वाला है।

इस कार्रवाई में कांस्टेबल विश्राम ने भी सहयोग किया। पुलिस अब आरोपी से आगे की पूछताछ कर रही है।

## चम्बल परियोजना में तकनीकी खराबी से जल संकट, कई गांवों में 4 दिन से सप्लाई बंद

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।



क्षेत्र में चम्बल जल परियोजना की सप्लाई बाधित होने से कई गांवों में पेयजल संकट गहरा गया है। खजुरी स्थित चम्बल पंप में तकनीकी खराबी आने के कारण पिछले चार दिनों से पानी की आपूर्ति ठप पड़ी है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार किशनगढ़, बाकरा, मेंलवा, भीमपुरा, बाघ की झोपड़िया, शेरपुरा, उरणा और कांस्या सहित कई गांव इस समस्या से प्रभावित हैं। जल आपूर्ति बंद होने से जनजीवन प्रभावित हुआ है और लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि लगातार सप्लाई बंद रहने से स्थिति गंभीर हो गई है। सामाजिक कार्यकर्ता सत्यनारायण सेन ने बताया कि समस्या को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है और शीघ्र समाधान की मांग की है।

‘ भीलवाड़ा फोकस ‘

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## 2 किलो 84 ग्राम अफीम जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

मांडल थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 किलो 84 ग्राम अफीम जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने कार्रवाई प्रोबेशनर आईपीएस थानाधिकारी आयुष श्रोत्रिय के नेतृत्व में की।

पुलिस ने बताया की मुखबिर सूचना पर मांडल चौराहे के पास नाकाबंदी की गई। इस दौरान भीलवाड़ा से गंगानगर जा रही एक ट्रेवल्स बस को रुकवाकर तलाशी ली गई, जिसमें बताए गए हुलिए के एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। उसके पास मौजूद बैग की जांच में 2 किलो 84 ग्राम अफीम बरामद हुई।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान देवीलाल (31) निवासी तुम्बड़िया, थाना साडास, जिला चित्तौड़गढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

CMYK

# भगवान महावीर पर प्रश्न-पत्र प्रतियोगिता सम्पन्न, विजेताओं का हुआ सम्मान



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

संगिनी जेएसजी भीलवाड़ा मेन के तत्वावधान में भगवान महावीर के जीवन, उपदेशों एवं सिद्धांतों पर आधारित प्रश्न-पत्र प्रतियोगिता श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में संगिनी बहनों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

अध्यक्षा पुष्पा गोखरू ने भगवान महावीर के आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा दी, वहीं सचिव प्रमिला गोखरू ने बताया कि सभी सदस्यों ने त्याग एवं प्रत्याख्यान का संकल्प लिया।

प्रतियोगिता में पिस्ता गुगलिया प्रथम, सरोज शिशोदिया द्वितीय एवं शकुन्तला मणोत तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को रेखा कोठारी ने पुरस्कार प्रदान किए। प्रश्न-पत्र का निर्माण अनीता डांगी एवं किरण मेहता द्वारा किया गया। आयोजन धर्म, ज्ञान और प्रेरणा का संगम रहा।

# चार दिवसीय योग शिविर का समापन, 65 से अधिक लोगों ने लिया लाभ

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**




भारत विकास परिषद शाखा द्वारा आयोजित चार दिवसीय योग शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। शिविर का उद्देश्य आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नियमित योग को जीवनशैली में शामिल करने के लिए प्रेरित करना रहा। शाखा के सचिव वेद प्रकाश तिवारी ने बताया कि भारत विकास परिषद द्वारा समय-समय पर त्रैमासिक योग शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिससे लोगों को स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा मिल सके। इस शिविर में अनुभवी योग प्रशिक्षकों डॉ. डी.एस. मेहर, कन्हैयालाल शर्मा, संजय टांक एवं भारती सेठिया द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाया गया। उन्होंने बताया कि योगाभ्यास के माध्यम से शरीर और मन को स्वस्थ रखने के साथ-साथ दैनिक जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होता है।

इस चार दिवसीय शिविर में संघ चालक दिलदार सिंह, ओम मेडतिया, मुकेश धनोपिया, डॉ. राजकुमार गौतम, विनोद सेठिया, अरुण गुरुजी, धर्मचंद कुमावत, चंद्रशेखर मेवाड़ा सहित करीब 65 महिला एवं पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के अंत में सचिव तिवारी ने जानकारी दी कि भारत विकास परिषद द्वारा आदर्श विद्या मंदिर, बिजोलिया में प्रतिदिन प्रातः 5:30 से 6:30 बजे तक नियमित योग साधना करवाई जाती है। साथ ही आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 18 जून से 21 जून तक बिजोलिया में एक भव्य योग शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।

# मंडी में एमएसपी पर गेहूं खरीद शुरू, किसानों को मिलेगा बोनस सहित लाभ



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

कृषि उपज मंडी में मंगलवार से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं की सरकारी खरीद प्रक्रिया शुरू हो गई। शुभारंभ के मौके पर भारतीय खाद्य निगम के प्रतिनिधि गुमान सिंह एवं भुगतान प्रभारी जितेंद्र गर्ग मौजूद रहे, जबकि किसान नंदलाल ने पहले दिन अपना गेहूं बेचकर खरीद की शुरुआत की।

मंडी सचिव हेमलता मीणा ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इस वर्ष गेहूं का एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है, साथ ही राज्य सरकार द्वारा 150 रुपये प्रति क्विंटल बोनस भी दिया जा रहा है। खरीद प्रक्रिया 31 मई 2026 तक जारी रहेगी, जिससे किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिल सकेगा।

# कांग्रेस का 'संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ' अभियान, जनसभा में उमड़ा जनसमर्थन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) के तत्वावधान में 'संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ' अभियान के तहत सांगानेर के रावणा चौक में आयोजित जनसभा में कार्यकर्ताओं और आमजन का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में युवाओं व सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को ऊर्जा दी।

जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष शिवराम जीपी खटीक ने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह ही कांग्रेस की असली ताकत है। उन्होंने नगर निकाय चुनावों को टालने को लोकतंत्र पर प्रहार बताते हुए इसका विरोध किया। मुख्य अतिथि नसीम अख्तर इंसाफ ने आरोप लगाया कि सरकार जनता के अधिकारों का हनन कर रही है और कार्यकर्ताओं से लोकतंत्र की रक्षा के लिए जन-जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया।

अन्य वक्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और संविधान व लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष तेज करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट कुणाल ओझा ने किया।



जनसभा में विभिन्न पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में अध्यक्ष शिवराम जीपी खटीक ने आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और मजबूती देने का संकल्प दोहराया।

# आदर्श विद्या मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

विद्या भारती शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान हेतु पूर्व छात्र परिषद् के तत्वावधान में आदर्श विद्या मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान सत्र 2025-26 की 10वीं व 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। 10वीं के 47 तथा 12वीं के 7 विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर सम्मान मिला। मुख्य वक्ता शिवप्रसाद ने विद्यार्थियों को अनुशासन व संस्कारों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र गगड़ ने करियर मार्गदर्शन दिया, वहीं डॉ. नरेन्द्र सिंह राणावत ने जीवन में संस्कारों के महत्व पर जोर दिया।

अंत में जिला मंत्री कैलाशचंद्र सुथार ने आभार व्यक्त किया। समारोह में अभिभावक, शिक्षक व अनेक लोग उपस्थित रहे।

# मांडल में रक्तदान महाभियानः 1003 यूनिट के साथ 3233 यूनिट का ऐतिहासिक कीर्तिमान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर मांडल में विजन इंडिया वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित रक्तदान जागरूकता पखवाड़े के समापन पर सेवा का अनूठा उदाहरण सामने आया। सत्य पैलेस में आयोजित विशाल शिविर में 1003 यूनिट रक्तदान हुआ, वहीं 15 दिनों में कुल 3233 यूनिट रक्त संग्रह कर जिले में नया कीर्तिमान स्थापित किया गया।

शिविर में युवाओं के साथ महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। समाज के सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर मानवता सेवा का संदेश दिया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामलाल जाट ने इसे जिले के इतिहास में स्वर्णिम उपलब्धि बताते हुए संस्था के प्रयासों की सराहना की। विशिष्ट अतिथियों ने भी इस पहल को प्रेरणादायक बताया।

सोसायटी अध्यक्ष ओम नारायणीवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। सचिव शंकर लाल गाडरी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर जागरूकता के प्रयासों से यह संभव हो सका। अंत में



सभी सहयोगियों और चिकित्सा दल का आभार व्यक्त किया गया।

# माहेश्वरी सभा ने शिवमहापुराण कथा में की सेवा



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

तिलक नगर क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा ने शिवमहापुराण कथा स्थल पर सेवा कार्य करते हुए श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, बैठने की व्यवस्था और फ्रूटी वितरण किया। अध्यक्ष राजेंद्र जागेटिया के सानिध्य में आयोजित इस सेवा में कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहयोग दिया।

सभा पदाधिकारियों ने इसे समाजसेवा का दायित्व बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्य जारी रखने का संकल्प लिया। श्रद्धालुओं ने सभा के प्रयासों की सराहना की।

# कांग्रेस ने डॉ. अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शहर कांग्रेस द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को अपनाने का संकल्प लिया।शहर अध्यक्ष शिवराम जीपी खटीक ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से देश को मजबूत लोकतांत्रिक आधार दिया। प्रभारी गौतम राम स्वामी ने उन्हें सर्व समाज का नेता बताते हुए उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता परिषद ने मनाई डॉ. अंबेडकर जयंती



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद द्वारा महेश छात्रावास में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रतन लाल जाट ने की, जबकि मुख्य वक्ता राजेश जीनगर रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता व अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुई। वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, संविधान निर्माण में योगदान और सामाजिक समरसता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कविता व काव्य प्रस्तुतियां भी दी गईं। संचालन राकेश जैन ने किया। इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारी व अधिवक्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## अंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।**



**( परमेश्वर )** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सरदार नगर क्षेत्र में आयुर्वेद विभाग द्वारा श्रद्धांजलि, जागरूकता व पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। उपखंड अधिकारी श्रीकांत व्यास व उपनिदेशक डॉ. महाराज सिंह के निर्देशन में विभिन्न औषधालयों में बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान वक्ताओं ने उनके सामाजिक न्याय व समानता के योगदान को याद किया। साथ ही लापिया में 15 औषधीय पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## शक्करगढ़ में अंबेडकर जयंती पर भव्य शोभायात्रा व आमसभा

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**



डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कस्बे में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इसके बाद आयोजित आमसभा में अतिथियों ने बाबा साहब के विचारों व संविधान निर्माण में उनके योगदान को याद किया। वक्ताओं ने शिक्षा, समानता और सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए युवाओं को जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भाजपा ने मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



भाजपा जिला संगठन द्वारा 'भारत रत्न' डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। अंबेडकर सर्किल पर माल्यार्पण के बाद आयोजित समारोह में विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' मूलमंत्र अपनाने का आह्वान किया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी प्रेरणादायक हैं तथा महिलाओं को समान अधिकार दिलाने में उनका बड़ा योगदान रहा। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने उन्हें सर्व समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बताया।
कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया सहित कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समर्थन में आज जुटेगा सर्व महिला समाज, सूचना केंद्र पर बनेगी भव्य मानव श्रृंखला

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र की महिला शक्ति को सशक्त बनाने और उन्हें समान अधिकार दिलाने के संकल्प के साथ लाए जा रहे 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समर्थन में आज शहर में एक विशाल जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।
अभियान की मीडिया संयोजक अभिश्रुता सोलंकी ने बताया कि आज बुधवार सायं 5 बजे सूचना केंद्र चौराहे पर भव्य मानव श्रृंखला एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य ध्येय महिलाओं के राजनीतिक और सामाजिक सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि अधिनियम के प्रति सामूहिक समर्थन व्यक्त करने के लिए विभिन्न महिला संगठनों, प्रबुद्ध महिलाओं और आम नागरिकों की उपस्थिति इस अभियान को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि भाजपा जिला संगठन इस ऐतिहासिक पहल को अपना पूर्ण समर्थन दे रहा है। कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से संपन्न करने के लिए एक विशेष महिला जिला टोली' का गठन मंजू चेचाणी के नेतृत्व में किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने शहर के सर्व महिला समाज से इस गरिमामय आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# राजस्थान नर्सेज यूनियन ने रक्तदान करके मनाई बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**( पुनित चपलोत )**

राजस्थान नर्सेज यूनियन, द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का नेतृत्व यूनियन जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत रेलवे स्टेशन स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद महात्मा गांधी चिकित्सालय के सभागार में दीप प्रज्वलन कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर चिकित्सालय अधीक्षक पीएमओ डॉ. अरुण गोड़ ने विस्तृत संबोधन में कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समानता और सेवा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में चिकित्सा सेवाओं से जुड़े हर व्यक्ति की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है।
अस्पताल में आने वाला प्रत्येक मरीज, विशेषकर लावारिस और असहाय व्यक्ति, हमारे लिए किसी जिम्मेदारी से कम नहीं है। उन्होंने नर्सिंग स्टाफ से आह्वान किया कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन केवल पेशे के रूप में नहीं, बल्कि सेवा भाव के साथ करें। 'जिसका इस दुनिया में कोई नहीं होता, उसके लिए अस्पताल और यहां का स्टाफ ही परिवार बन जाता है। ऐसे मरीजों के प्रति संवेदनशीलता, करुणा और समर्पण का भाव रखना बेहद जरूरी है, ' डॉ. गोड़ ने यह भी कहा कि बाबा साहेब के विचार समानता, मानवता और अधिकारों की रक्षा चिकित्सा क्षेत्र में भी पूरी तरह लागू होते हैं। सभी मरीजों को बिना किसी भेदभाव के समान उपचार मिलना चाहिए, यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।
कार्यक्रम के बाद यूनियन सदस्यों ने ब्लड बैंक पहुंचकर 21 यूनिट रक्तदान किया।
इस दौरान यूनियन संरक्षक बिज्जू मैथु, कार्यकारी जिलाध्यक्ष ललित जीनगर, जिला संयोजक अमित व्यास, उपाध्यक्ष दिनेश खटीक, नर्सिंग अधीक्षक मुकुटराज सिंह, काशीराम नायक, प्रेमचंद खटीक, प्रवक्ता गिरिराज लड्ढा, विनोद सोनी, कुलदीप आर्य, अनिल छाजेड़, जगदीश वैष्णव, बंधन चावला, वीना फिलिप, जागृति जोशी, सीमा, रीना चंदेल, पवन देपन, सत्यनारायण सहित सैकड़ों नर्सेज उपस्थित रहे।

## अंबेडकर जयंती पर जिला प्रशासन का श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मंगलवार को रेलवे स्टेशन स्थित अंबेडकर सर्किल पर जिला प्रशासन की ओर से श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।
कार्यक्रम में सांसद दामोदर अग्रवाल, जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रतिभा देवतिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने बाबा साहेब के विचारों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।
इस दौरान वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के सामाजिक न्याय, समानता और संविधान निर्माण में योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।
कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सामाजिक समरसता व भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## विधायक बैरवा ने बाबा साहेब को किया नमन, अंबेडकर जयंती पर विधायक के नेतृत्व में श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**



भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर शाहपुरा में श्रद्धा और सम्मान का भव्य माहौल देखने को मिला। शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहेब के स्मारक पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।
इस अवसर पर विधायक डॉ. बैरवा ने बाबा साहेब के विचारों को याद करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के माध्यम से देश को नई दिशा प्रदान की। उनके आदर्श आज भी समाज के हर वर्ग को प्रेरणा देते हैं। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाएं और समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैरवा ने कहा कि बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलकर ही एक सशक्त और समरस समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और सामाजिक एकता व राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का विश्वास दिलाया।
इस दौरान जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सुगंधी सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान 'बाबा साहेब अमर रहें' के गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा, जिससे कार्यक्रम का उत्साह और अधिक बढ़ गया।

## अंबेडकर जयंती पर भाजपा का पुष्पांजलि कार्यक्रम, पदचिन्हों पर चलने का संकल्प

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



**मानव तिवाड़ी ।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा भाजपा कार्यालय में श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कुमार बंजारा ने की।
इस दौरान पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मंडल अध्यक्ष बंजारा ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब ने वंचित व शोषित वर्गों के उत्थान के लिए जीवन समर्पित किया और उनका बनाया संविधान देश की एकता व अखंडता का आधार है।
उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।
कार्यक्रम में मंडल महामंत्री मुकेश धनोपिया व मुकेश धाकड़, पूर्व जिला मंत्री हर्षेंद्रा कंवर, सुनील जोशी, बिट्ठल तिवाड़ी, कमलेश कोली, उमा शंकर वैष्णव सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भीलवाड़ा में 19 अप्रैल को प्रथम सामूहिक सकल हिन्दू समाज विवाह महोत्सव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

श्री निम्बार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट (रजि.) के तत्वावधान में महन्त मोहन शरण शास्त्री के सानिध्य में प्रथम सामूहिक सकल हिन्दू समाज विवाह महोत्सव का आयोजन 19 अप्रैल, रविवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर किया जाएगा।
इस महोत्सव के अंतर्गत वैवाहिक कार्यक्रम 15 अप्रैल से प्रारंभ होंगे। मीडिया प्रभारी दिलीप सोनी ने बताया कि 15 अप्रैल को सायं 7:15 बजे हाथ-धान की रस्म आयोजित की जाएगी। 16 अप्रैल को दोपहर 3 बजे मेहंदी, रात्रि 8 बजे भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। 17 अप्रैल को रात्रि 8 बजे निम्बार्क आश्रम प्रांगण में विवाह गीत एवं भजन संध्या आयोजित की जाएगी। वहीं 18 अप्रैल को रात्रि 8 बजे ऋष्य श्रृंग संस्थान में महिला संगीत का कार्यक्रम रखा गया है।
उन्होंने बताया कि मुख्य विवाह समारोह 19 अप्रैल को ऋष्य श्रृंग संस्थान, ऋष्य श्रृंग चौराहा, हरणी महादेव मार्ग, शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा में संपन्न होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7:15 बजे गणपति पूजन एवं कलश स्थापना से होगा, जिसके पश्चात 7:30 बजे अल्पाहार रखा गया है।
प्रातः 9:15 बजे चित्रकूट धाम, नगर निगम से शोभायात्रा एवं बारात प्रस्थान करेगी। इसके बाद 11:15 बजे तोरण एवं बारात स्वागत, 12:15 बजे वरमाला एवं संत सम्मान समारोह आयोजित होगा।
दोपहर 1:15 बजे स्वरूचि भोज के पश्चात 2:15 बजे पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न होंगे तथा सायं 4:15 बजे विदाई समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।
ट्रस्ट की ओर से समस्त हिन्दू समाज को इस भव्य आयोजन में सादर आमंत्रित किया गया है।

# शिव कथा का ऐतिहासिक समापन: लाखों श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, रचा भक्ति का नया इतिहास

## अंतिम दिन टूटा रिकॉर्ड, पांडाल छोटा पड़ा; व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा भीलवाड़ा बना 'कुंभ' जैसा तीर्थ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

धर्मनगरी भीलवाड़ा में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के विराम दिवस पर मंगलवार को आस्था का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ा। आजादनगर स्थित मेडिसिटी ग्राउंड में लाखों श्रद्धालु पहुंचे, जिससे विशाल पांडाल भी छोटा नजर आया और सड़कों तक भक्तों की भीड़ फैल गई। श्रद्धालुओं की संख्या इतनी अधिक रही कि शहर में ऐसा नजारा पहले कभी देखने को नहीं मिला।

कथा का समय भले ही सुबह 8 से 11 बजे निर्धारित था, लेकिन श्रद्धालु देर रात से ही पांडाल में पहुंचने लगे थे। सुबह होते-होते स्थिति यह हो गई कि पांडाल में प्रवेश करना मुश्किल हो गया और हजारों श्रद्धालु खुले आसमान के नीचे धूप और गर्मी की परवाह किए बिना कथा श्रवण करते नजर आए। भीलवाड़ा वासियों ने इस आयोजन के माध्यम से भक्ति का एक नया इतिहास रच दिया।

कथा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि श्री शिव महापुराण कथा जीवन की व्यथा को दूर करने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि संकटमोचन हनुमान मंदिर के महामंडलेश्वर बाबूगिरी महाराज के अथक प्रयासों से ही यह आयोजन





संभव हो पाया। उन्होंने कहा कि बाबूगिरी महाराज जैसे संत अपने नगर को कुंभ जैसा बना देते हैं और भीलवाड़ा में भी ऐसा ही दृश्य देखने को मिला। लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बावजूद व्यवस्थाएं सुचारू रहीं, जिसके लिए उन्होंने भीलवाड़ा वासियों और आयोजन समिति को साधुवाद दिया।

उन्होंने गौसेवा का संदेश देते हुए कहा कि गौमाता के बिना सनातन धर्म की कल्पना अधूरी है। उन्होंने गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग करते हुए 27 अप्रैल से 27 जुलाई तक गौसम्मान आह्वान अभियान चलाने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति निंदा, बुराई और अपशब्दों का त्याग कर लेता है, उस पर भगवान महादेव की विशेष कृपा होती है।

कथा में उन्होंने जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पैसे वाला होना आसान है, लेकिन सच्चा अमीर वही है जिसे चैन की नींद आती हो, भोजन आसानी से पचता हो और शरीर निरोगी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय में लोग समझाने में अधिक लगे हैं, जबकि पहले समझने की प्रवृत्ति अधिक थी।

चारभुजा मंदिर उज्जैन के महामंडलेश्वर स्वामी शांतिस्वरूपानंद गिरी महाराज ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भीलवाड़ा में शिव भक्ति की इस गंगा को प्रवाहित करने का कार्य बाबूगिरी महाराज ने किया है। वहीं आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक कोठारी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए गौसेवा और मानव सेवा के लिए प्रेरित किया।

कथा के दौरान 'म्हारों चारभुजा रो नाथ' भजन पर लाखों श्रद्धालु झूम उठे। पांडाल के अंदर और बाहर हर ओर भक्ति का माहौल नजर आया। श्रद्धालुओं ने पत्रों के माध्यम से अपने अनुभव भी साझा किए, जिनमें शिव भक्ति से समस्याओं के समाधान की बात कही गई।

सात दिन तक कथा में शामिल रहे हजारों श्रद्धालु विराम दिवस के बाद पांडाल की पवित्र रज माथे पर लगाकर अपने-अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। इनमें भीलवाड़ा ही नहीं, बल्कि राजस्थान और देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालु शामिल थे, जो बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन की ओर लौटते नजर आए।

आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सैकड़ों कार्यकर्ताओं और सेवादारों के समर्पित प्रयासों से यह ऐतिहासिक आयोजन सफल हो पाया। समिति ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम, नगर विकास न्यास, चिकित्सा, विद्युत एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित सभी सहयोगी संस्थाओं और आमजन का आभार व्यक्त किया।

# सिंगोली अफीम तोल केंद्र का विधायक ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं की सराहना

## किसानों के लिए बेहतर इंतजाम देख बोले 'विवाह समारोह जैसा भव्य अनुभव'

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**

विधायक गोपाल खंडेलवाल ने सिंगोली चारभुजा स्थित जिला अफीम तोल केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र पर किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं और पारदर्शी तोल प्रक्रिया की सराहना की।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने सबसे पहले डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए किसानों के ठहरने की सुविधा, अफीम की वैज्ञानिक तोल प्रक्रिया और अन्य इंतजामों को देखा। व्यवस्थाओं



से प्रभावित होकर उन्होंने कहा कि यहां किए गए इंतजाम इतने सुव्यवस्थित और भव्य हैं कि यह किसी सरकारी प्रक्रिया के बजाय विवाह समारोह जैसा सुखद अनुभव दे रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने अफीम उत्पादक किसानों से संवाद भी किया। किसानों ने बताया कि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है और सभी कार्य पारदर्शिता के साथ संपन्न हो रहे हैं। विशेष रूप से जिला अफीम अधिकारी सुशील कुमार वर्मा द्वारा की जा रही परख और नियमों की पालना की सराहना की गई।

इस अवसर पर सहायक जिला अफीम अधिकारी हरि किशन, अफीम समिति प्रदेश अध्यक्ष बद्रीलाल तेली, भाजपा जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर, अमरचंद गाडरी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# शिक्षा से चुनौतियों का सामना करने की मिलती है ताकत - बैरवा

## भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर दी पुष्पांजलि

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

कस्बे में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर अंबेडकर मंच के तत्वावधान में महुआ, खजूरी व खटवाड़ा क्षेत्र में वाहन रैली एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता काछोला प्रशासक रामपाल बलाई ने की, जबकि मुख्य अतिथि सीआईडी ऑफिसर अभय सिंह बैरवा, विशिष्ट अतिथि वंश प्रदीप सिंह सोलंकी तथा अतिविशिष्ट अतिथि एडवोकेट कन्हैयालाल बैरवा, डॉ. एन. के. सोनी, राजेन्द्र सिंह सोलंकी और हाजी शरीफ मोहम्मद मंसूरी मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि अभय सिंह बैरवा ने कहा



कि डॉ. अंबेडकर के विचारों का अनुसरण कर समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षित समाज ही सशक्त समाज का निर्माण करता है। डॉ. एन. के. सोनी ने सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक एकता को मजबूत करने की आवश्यकता बताई।

मंच अध्यक्ष मनीष मेघवंशी ने बाबा साहब के विचारों को उद्धृत करते हुए कहा कि 'शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पियेगा वह दहाड़ेगा।' उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को आत्मविश्वास देती है और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की ताकत प्रदान करती है।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत मनीष मेघवंशी, दुर्गालाल बैरवा, राजेन्द्र रेगर, चांदमल रेगर, प्रेमचंद रेगर व राजमल रेगर ने किया। कार्यक्रम का संचालन राजमल रेगर ने किया।

इस अवसर पर काछोला सरपंच रामपाल बलाई, दुर्गालाल बैरवा, चांदमल रेगर, महुआ मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश खटीक, रमेशचंद्र बसेटिया, खजूरी आमलदा अध्यक्ष रामलाल मेघवंशी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य मनीष कुमार मेघवंशी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# 'श्री केशव स्मृति सेवा प्रन्यास' का भव्य रक्तदान शिविर, 91 यूनिट रक्त संग्रह

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

सेवा और समर्पण के संकल्प को दोहराते हुए 'श्री केशव स्मृति सेवा प्रन्यास' की आसींद इकाई द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच अस्पतालों में रक्त की कमी को देखते हुए आयोजित इस शिविर में 91 यूनिट रक्त संग्रहित कर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया।

शिविर में सुबह से ही उत्साहपूर्ण माहौल रहा, जहाँ युवाओं से लेकर वरिष्ठ समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



प्रन्यास के सदस्य देवीलाल साहू और जगदीश कुमावत ने बताया कि संस्था प्रतिवर्ष ऐसे सेवा कार्यों का आयोजन करती है। इस बार विशेष रूप से 'ह नेगेटिव' रक्त समूह के दो डोनर्स का योगदान उल्लेखनीय रहा, जो आपातकालीन परिस्थितियों में बेहद उपयोगी साबित होगा। कार्यक्रम को अरिहंत हॉस्पिटल भीलवाड़ा के डॉ. आर.के. जैन एवं उनकी टीम के तकनीकी सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

## QUICK BITES

### आगूचा में अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई

**भीलवाड़ा फोकस @ आगूचा।**



डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कस्बे में श्रद्धांजलि कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। ढोल-नगाड़ों के साथ हुए आयोजन में कार्यकर्ताओं व स्थानीय नागरिकों ने बाबा साहेब के चित्र व प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे तथा मिठाई वितरण भी किया गया।

### अंबेडकर जयंती पर हुआ भव्य आयोजन, जय भीम के नारों से गूंजा माहौल

**भीलवाड़ा फोकस @ पारोली।**



डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर क्षेत्र के कोठाज गांव में हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत प्रशासक गोपाल सिंह कानावत ने केक काटकर आयोजन की शुरुआत की और गांव में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित कराने का आश्वासन दिया। वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा, समानता व जागरूकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें युवाओं और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। 'जय भीम' के नारों से माहौल गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान पुलिस की मौजूदगी में आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

### सेन जयंती पर निकली शोभायात्रा, प्रतिभा सम्मान व भजन संध्या का हुआ आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



श्री सेन जी महाराज की 726वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को सेन समाज द्वारा भव्य सेन जयंती महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह चारभुजा मंदिर से निकली शोभायात्रा से हुई, जिसमें समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद जागेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभाशाली विद्यार्थियों व समाजजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने श्री सेन महाराज के जीवन, उनके आदर्शों एवं समाज में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। आयोजन में पुरुषों ने सफेद परिधान एवं मातृशक्ति ने चुनरी साड़ी पहनकर भाग लिया, रात्रि में भजन संध्या का आयोजन कर भक्तिमय माहौल में कार्यक्रम का समापन हुआ।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।**



भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर कस्बे में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित जनों ने बाबा साहेब की प्रतिमा/चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम में शक्ति केंद्र संयोजक मोहन सिंह, जीएस अध्यक्ष महावीर सुराणा, शांतिलाल खटीक, बनवारी धाकड़, कस्तूरमल खटीक, संदीप जांगिड़, कैलाश दरोगा, भोजराज गुर्जर, गोपाल तेली सहित संतोष मेवाड़ा सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर रैली आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ।**

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर कस्बे में रैली निकालकर कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं व बच्चों ने भाग लिया। भीम आर्मी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और उनके योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।